पंजाब केसरी 03/12/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतर्गत फन गेम्स में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)

फिट इंडिया मूवमैंट जीवन शैली में बदलाव लाने का अहम प्रयास : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 2 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतर्गत प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में फन गेम्स का आयोजन किया गया।

खेल के प्रारंभ में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने वक्तव्य में बताया कि आज के समय में जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां युवाओं को प्रभावित कर रही हैं।

जीवन शैली में छोटे-छोटे बदलावों से इन बीमारियों को रोका जा सकता है। फिट इंडिया मूवमैंट जीवन शैली में बदलाव लाने का अहम प्रयास है।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. अमिता ने फन गेम्स के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि हमारी संस्कृति और शास्त्र में भी फिटनैस पर जोर दिया गया है। खेल विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल छात्रों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और समर्पण को भी प्रोत्साहित करती हैं।

फन गेम्स के माध्यम से छात्र-छात्राओं को देश की मिट्टी से जोड़ने का प्रयास किया गया और उन्हें स्वदेशी खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पिट्ठू, लंगड़ी टांग, रस्साकशी, रस्सी कूदना जैसे खेल विद्यार्थियों में आकर्षण का केंद्र रहे और 60 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस अवसर पर डा. रवनीत कौर, डा. राजेंद्र देशवाल उपस्थित रहे।